हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

06 धूं-धूं कर जला रावण, अधर्म पर हुई धर्म की विजय



07 54, 58, 60 जैसी उम्र में पहुंचने पर 10 पात्रजन...





## खबर संक्षेप

### अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण की तिथि बढ़ी

**सीहोर।** प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों के मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गई है। अब अशासकीय विद्यालय मान्यता नवीनीकरण के लिए विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रूपये की राशि सहित आवेदन कर सकेंगे। मान्यता नवीनीकरण का पोर्टल 29 सितम्बर से प्रारंभ किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी स्कूल शिक्षा के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा दी गई है।

### दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 तक आमंत्रित

**सीहोर।** दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्रों की जांच 15 नवम्बर तक होगी और अंतिम सूची का प्रकाशन 30 नवम्बर तक किया जाएगा। स्वीकृत आवेदन पत्रों में पात्रतानुसार छात्रों को लैपटॉप अथवा मोट्रेट ट्राइसाइकल, विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर 2025 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वितरित की जायेगी। आयुक्त सामाजिक न्याय ने बताया की स्पर्श पोर्टल ओपन कर दिया गया है।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जाएगी।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी पर्व, रामलीला का मंचन किया

# धू-धू कर जल गया रावण का अहंकार


दशहरा पर्व पर निकली राम बारात, शहर में कई जगह हुआ रावण दहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरुवार को विजयदशमी पर्व पर शहर में 3 स्थानों पर रावण का दहन हुआ, कई जगह पर छोटे रावण के पुतलों का गली मोहल्लो में दहन हुआ। विजयदशमी पर्व पर छावनी दशहरा उत्सव समिति द्वारा बाल विहार मैदान पर रात 9 बजे के बाद रावण का दहन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व राम बारात निकाली गई, जिसमें राम लक्ष्मण और सीता सहित हनुमान के रूप में कलाकारों को रथ में बैठाया गया। राम बारात नमक चौराहे से शुरू हुई और फिर कार्यक्रम स्थल बाल विहार मैदान पहुंची। कार्यक्रम के पूर्व रामलीला का मंचन किया गया और जमकर आतिशबाजी चलाई गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में उपस्थित जन समुदाय की उपस्थिति में रावण दहन किया गया। इसी तरह गंज दशहरा उत्सव समिति द्वारा परंपरा अनुसार रावण दहन का कार्यक्रम रात आठ बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पूर्व सिद्घपुर दशहरा उत्सव समिति द्वारा राम बारात निकाली गई जो प्रमुख मार्गों से होती हुई आयोजन स्थल आवासीय खेलकूद मैदान पहुंची, जिसके बाद आयोजन समिति द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम संपन्ना किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में शहर के लोग रावण दहन देखने के लिए उपस्थित हुए। इस तरह सीवन नदी चौराहे, बड़ियाखेड़ी, कस्बा, इंदौर नाका, मण्डी, गंज सहित शहर के कई गली मोहल्लों में सैकड़ों से ज्यादा रावण के पुलते का दहन का आयोजन किया गया। बधों की कलाकारी देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया।

### नीलकंठ के दर्शन करने लगी होड़

विजयदशमी पर्व पर सुबह से ही परंपरा अनुसार शहर वासियों ने शहर के पास स्थित बांसबाड़ा, गंज दशहरा मैदान, चर्च मैदान, मण्डी ग्राउंड, जमोनिया रोड सहित आसपास के जंगल क्षेत्र में



नीलकंठ के दर्शन के लिए सुबह से भीड़ लगी हुई थी। हालांकि विलुप्त होते नीलकंठ प्रजाति के कारण लोगों को इक्का दुक्का स्थानों पर नीलकंठ के दर्शन हो पाए और जिन्हें दर्शन भी हुए उन्हें काफी मश-त करना पड़ी।

### खाए गिलकी के भजिए

इधर पुरातन कथा के अनुसार दशहरा पर्व पर गिलकी खाने का अपना महत्व है जिसके चलते शहरवासियों ने शनिवार सुबह सब्जी मण्डी पहुंचकर गिलकी खरीदी। हालांकि दशहरा पर्व पर गिलकी के दाम भी मांग के अनुरूप उछाल मार रहे थे। आम तौर पर 10 से 20 रुपए प्रति किलो बिकने वाली गिलकी लोगों ने 40 से लेकर 50 रुपए किलो तक के भाव लोगों को खरीदनी पड़ी।

### उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

विजयदशमी पर्व पर गुरुवार सुबह से ही शहर के प्राचीन हनुमान फाटक मंदिर पर हजारों की तादाद में श्रद्घालु सुबह से ही दर्शनों के लिए पहुंचे। साथ ही शहर के कई प्राचीन हनुमान मंदिरों में भी श्रद्घालुओं का पहुंचने का क्रम सुबह से लेकर शाम तक जारी रहा। विजयदशमी पर्व पर प्राचीन हनुमान मंदिर में दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। इस आरती में बड़ी तादाद में शहर के श्रद्घालुओं ने हिस्सा लिया। महाआरती के दौरान दर्शनार्थ पहुंचे श्रद्धाघालुओं को मंदिर प्रबंधन द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया।

### रावण को तलवार व लठ से पीटा

शहर में विजय दशमी पर जहां रावण दहन अनेकों स्थान पर किया गया। शहर के बड़ियाखेड़ी क्षेत्र में राघव के मंदिर परिसर में मिट्टी के रावण का वध किया गया। मंदिर के पुजारी और स्थानीय लोगों ने हाथों में तलवार और लट्ठ लेकर मिट्टी के बने रावण का पीट-पीटकर वध किया। यह परंपरा पिछले कई सालों से शहर के राघव के मंदिर में चली आ रही है।

### पूजे गए शस्त्र

परंपरा है कि विजयदशमी पर्व पर शस्त्रों का पूजन किया जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन शस्त्रधारियों ने किया। इसी तरह मण्डी पुलिस लाइन में शस्त्रों का पूजन किया गया। इसी तरह दशहरे पर कालम दावत की पूजा का भी अपना महत्व है। परंपरानुसार व्यापारियों ने शुभ मुहूर्तों में अपने बही-खाते ओर कलम दवात की पूजा की।

## विठलेश सेवा समिति ने किया मोक्ष वाहन और दो स्टील बाडी फ्रिज यूनिटस का दान



**सीहोर।** लंबे समय से विठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में भक्ति का सबसे बड़ा स्वरूप सेवा है, इस संकल्प को लेकर कुबेरेश्वरधाम पूरे देश की आस्था का प्रतीक है और हमारे क्षेत्र का नाम विश्व पटल में रोशन करने वाले पंडित प्रदीप मिश्रा हम सबकी आन, बान और शान है। उक्त विचार शहर के बड़ा बाजार में भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने स्व. रामेश्वर मिश्रा की स्मृति में नगर पालिका और जिला अस्पताल को मोक्ष वाहन और दो स्टील बाडी फ्रिज यूनिटस का प्रदान किया।

गुरुवार को शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने पिता स्व.श्री रामेश्वर मिश्रा की स्मृति में शव को सुरक्षित रखने के लिए दो फ्रीजर और क्षेत्र में आधुनिक मोक्ष वाहन प्रदान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पंडित श्री मिश्रा और समिति ने यहां पर मौजूद सभी अतिथि राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती, जसपाल अरोरा, सन्नी महाजन, पंकज गुप्ता, सुदीप प्रजापति, बजरंग दल, विहिव की ओर से विवेक राठौर, सुनील शर्मा और जगदीश कुशवाहा सहित सभी समाजसेवी संगठनों, संस्थाओं के प्रमुख के अलावा नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव आदि का सम्मान किया।

## डीजे, डोल, बैंडबाजों के साथ श्रद्धालुओं ने माता के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली





**सीहोर।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के पांडालों में विराजमान देवी प्रतिमाओं का विजय दशमी के दिन हवन-पूजन और आरती के बाद विसर्जित किया गया। इसके बाद भक्तों ने मां के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाल कर मातारानी को विदाई दी। नवरात्रि के समापन के बाद सीहोर और आसपास के इलाकों में माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस दौरान भक्तिमय माहौल रहा। प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के लिए विशेष व्यवस्था की थी।

डीजे और बाजे-गाजे के साथ भक्त नाचते-गाते, अबीर-गुलाल लगाते हुए माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। विसर्जन स्थल पर पहुँचकर माता रानी की प्रतिमा की अंतिम पूजा और आरती की गई। इसके बाद 'जय माता दी' और अन्य भक्ति उद्घोषों के साथ प्रतिमाओं को तालाबों में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग माता को अंतिम विदाई देने पहुँचे। विसर्जन स्थलों पर भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन मुस्तैद रहा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला, शस्त्र पूजन किया गया



**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के इस वर्ष 100 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज दुर्गादास बस्ती के आयोजन में नगर संघचालक भारत सोनी, अध्यक्षता नन्नूलाल राठौर एवं मुख्य वक्ता गोविंद ठाकुर जिला सहकार्यवाह उपस्थित रहे। अपनी स्थापना के 100 साल पूरे होने पर आरएसएस शताब्दी वर्ष का आयोजन में मुख्य वक्ता द्वारा उद्बोधन में कहा कि संघ भारत के हर गांव, हर बस्ती, हर घर तक अपनी पहुंच बनाएगा। संघ का लक्ष्य हिन्दू समाज को संगठित करना है, अस्पृश्यता जैसे कई अंतर्निहित दोषों के समाप्त कर समरसता की भावना जागृत करना। संघ अपनी शाखाओं और राष्ट्रव्यापी गतिविधियों के माध्यम से इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार काम कर रहा है, जो एक सामंजस्यपूर्ण समाज और राष्ट्र के लिए सभी को एक साथ लाता है।

### विजयदशमी पर रिमझिम बारिश हुई, गर्मी से मिली राहत

**सीहोर।** नगर में विजयदशमी के दिन दोपहर में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। शहर में काफी देर तक रिमझिम बारिश दर्ज की गई। इस बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली है। इस मानसून सीजन में 21 जून से अब तक सीहोर जिले में 1058 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है। पिछले साल इसी अवधि में जिले में 1129 मिलीमीटर बारिश हुई थी। जानकारी के अनुसार, इस साल मानसून कम सक्रिय रहा और 'मानसून ब्रेक' की स्थिति अधिक देखने को मिली है। बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे सोयाबीन की फसल कटाई के कार्य में किसानों को दिक्कतें आ सकती हैं। किसान घनश्याम यादव ने बताया कि खेत गीले होने से सोयाबीन की कटाई में परेशानी होती है, हालांकि इस साल फसल बेहतर हुई है। कम बारिश का असर जिले के जलस्त्रोतों पर भी दिख रहा है। सीहोर जिले में कुल 67 तालाब हैं, जिनमें से अभी तक मात्र 9 तालाब ही लबालब भर पाए हैं।

## दशहरा पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम में राजस्व मंत्री ने किया शस्त्र व वाहनों का पूजन

# हमें अपने कर्तव्यों के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए : करण सिंह वर्मा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दशहरे के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने शस्त्रों एवं वाहनों का पूजन किया और प्रदेश एवं देश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

इसके साथ ही नागरिकों को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

यह पर्व हमें जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने और कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति की विशेष परंपरा है, जो आत्मरक्षा और वीरता के महत्व को दर्शाती है।

हमें अपने कर्तव्यों के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एएसपी सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा, गौरव सन्नी महाजन, सुदीप प्रजापति, पंकज गुप्ता, राजकुमार गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी शस्त्रों एवं अपने वाहनों की पूजा की तथा सभी को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए जिले एवं देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

## ट्रैक्टर का पहिया चढ़ने के बाद भी सकुशल बचा व्यक्ति, सीसीटीवी में कैद हुई हैरान कर देने वाली घटना



**सीहोर।** जिले के ग्राम उलझावन में ट्रैक्टर की चपेट में आने के बावजूद एक व्यक्ति सुरक्षित बच गया। यह पूरा हादसा सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बुधवार शाम हुई इस घटना में एक व्यक्ति सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे ट्रैक्टर का अगला पहिया सीधे उस पर चढ़ गया। अचानक हुए इस हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रैक्टर ड्राइवर ने तुरंत वाहन रोक दिया और पास मौजूद ग्रामीणों ने तेजी दिखाते हुए व्यक्ति को बाहर निकाला। सभी की हैरानी तब बढ़ गई जब पता चला कि वह पूरी तरह सकुशल है और उसे कोई गंभीर चोट नहीं लगी।

**वीडियो देख हर कोई हैरान :** ग्रामीणों का कहना है कि यदि चालक समय रहते ट्रैक्टर न रोकता, तो पिछला पहिया भी उस व्यक्ति के ऊपर से गुजर सकता था और बड़ा हादसा हो जाता। इस घटना के वीडियो को देख हर कोई हैरान है।

## खबर संक्षेप



### जश्न के साथ मनाया गया 69वां धर्म परिवर्तन दिवस

**सीहोर।** अ.जा.ज.पि.वर्ग अल्प संख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंरागले जाटव दलित चिंतक द्वारा स्थानीय वार्ड क्रं. 11 की दलित बस्ती डॉ.अम्बेडकर पार्क में डॉ.अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर धम्म चक्र परिवर्तन दिवस जश्न के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा विभाग से रिटायर्ड धर्मप्रकाश आर्य व बैंक के रिटायर्ड धन्नालाल परचौले द्वारा किया गया। बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा बोद्ध धर्म ग्रहण के समय विजय दशमी पर दीक्षा भूमि नागपुर में ली गई 22 प्रतिज्ञाओं को दोराहा गया। इस अवसर पर नरेन्द्र खंगराले ने बताया कि विश्व चक्रवर्ती सम्राट अशोक द्वारा कलिंग युद्ध जीतने के दस दिन बाद विजय दशमी के अवसर पर हर वर्ष की तरह सामाजिक बुराईयाँ, जाति भेद, लिंग स्त्री भेद, वर्ण भेद को लेकर पुरे विश्व में धम्म चक्र परिवर्तन मनाया जाता है। वक्ताओं द्वारा बताया गया कि डॉ.अम्बेडकर के लिये बोद्ध धर्म ग्रहण करना एक व्यक्तिगत अध्यात्मिक कार्य के साथ-साथ राजनैतिक और सामाजिक आन्दोलन भी था। जिसका अंतिम लक्ष्य जातिवादी व्यवस्था से मुक्ति, सामानता और न्याय पर आधारित समता मूलक समाज की स्थापना करना था। इस अवसर पर रामचरण दशलानिया रिटा प्राचार्य व रिटा.विद्युत मण्डल पन्नालाल खंगराले, द्वारा डॉ.अम्बेडकर व विश्व के महान सम्राट भारत को सोने की चिडिय़ा बनाने वाले भारत को अखण्ड रूप देने वाले सम्राट अशोक व डॉ.बाबा साहेब अम्बेडकर को नमन किया गया। रिटा.प्राचार्य प्रेम नारायण परमार द्वारा बोद्ध धर्म की 22 प्रतिज्ञाएं ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तत्कालीन पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले थी। इस मौके पर प्रमुख रूप से लक्ष्मीबाई दोहरे, लीलाबाई, अशोक मालवीय पूर्व सरपंच, नन्दकिशोकर मालवीय पूर्व सरपंच, दयाराम गवाटिया, रामचरण दशलानिया, जयराम जाटव, दीपक सोनकर, रामगोपाल खंगराले, गेंदालाल राठौर, सिद्धार्थ खंगराले आदि लोग शामिल रहे।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

## विजय दशमी पर्व पर नगर में चल समारोह में आकर्षण और भव्य शोभायात्रा निकाली गई

# धूं-धूं कर जला रावण, अधर्म पर हुई धर्म की विजय

पुलिस प्रशासन की तैनाती के चलते चल समारोह व दशहरा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मैदान में दशहरा पर्व पर रावण दहन का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा पारंपरिक तरीके एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहरभर में देवी विसर्जन के साथ ही नगर के दशहरा मैदान में रावण दहन किया गया। इस अवसर पर भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित हुआ। भजन संध्या के समापन के साथ ही श्रीराम-ओर रावण के बीच आधे घंटे युद्ध चला का ओर अंत में श्रीराम ने अग्निबाण चलाकर रावण वध कर उसका दहन किया।

चल समारोह में आकर्षण झाकियों व अखाड़ों ने करतब का प्रदर्शन किया गया। नगरवासियों सामाजिक संगठनों फूलों की वर्षाकर स्वागत किया। श्रीराम मन्दिर छोटा बाजार गांधी चौक से शाम 4 बजे से चल समारोह की शुरुआत हुई। बग्गी पर श्रीराम लक्षण, साबर हुए। नगर के मुख्य रॉयल मार्केट, जेपी मार्केट दुर्गा चौक होते हुए चल समारोह बजरंग कुटी हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद भव्य आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान चल समारोह के सैकड़ों की तादात श्रद्धालुओं, भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी चल समारोह शामिल होकर जय श्री राम के जयघोष लगाते हुए चलते रहे। इस दौरान पूरा नगर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। चल समारोह में आकर्षण झाकियों का ओर कलाकारों ने आपका करतब दिखाया वहीं अखाड़ों ने भी अपना करतब का प्रदर्शन दिखाया। डोल नगाड़ों के साथ अखाड़ों का अपने करतब दिखाते हुए प्रदर्शन किया। वहीं नगरवासियों सामाजिक संगठनों फूलों की वर्षाकर स्वागत किया। नगर परिषद् के पार्षदगण ,अधिकारियों, कर्मचारियों चल समारोह पर फूलों की वर्षाकर स्वागत किया। दुर्गा चौक पर मुस्लिम समुदाय ने चल समारोह का स्वागत किया व पानी की बॉटल वितरित की।

### दशहरा मैदान पर हुआ 51 फिट रावण दहन धूं-धूं कर जला रावण का पुतला

नगर के दशहरा मैदान में शाम 8बजे के लगभग रावण दहन किया गया। चल समारोह के समापन के साथ ही भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राम-लक्ष्मण की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रीराम और रावण बीच युद्ध चला रावण वध का चित्रण किया गया। इसमें श्रीराम के रावण की नाभि में बाण मारते ही दशानन का अहंकार धू-धूकर जल गया। रावण दहन के साथ ही पूरे दशहरा मैदान में जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो। रावण दहन के बाद सभी ने एक दूसरे को विजयादशमी की बधाई दी। दशहरा पर्व हर्षौल्लास व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से भगवान श्रीराम की पूजन अर्चना कर आरती उतारी एवं प्रसादी ग्रहण की। साथ ही घर परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई।









### 51 फीट ऊंचाई के रावण के पुतले का दहन किया, आतिशबाजी बनी आकर्षण का केंद्र

**इछावर।** असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा का पर्व गुरुवार को क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के दशहरा मैदान पर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा 51 फीट ऊंचाई के रावण का पुतला बनाया गया। शाम को कार्यक्रम आयोजित कर भगवान राम ने अग्निबाण मारकर पुतले का दहन किया। इस दौरान विशेष आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया जो कि दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। इससे पहले नगर में राम बारात निकाली गई। बारात खेड़ीपुरा स्थित राम मंदिर के शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ग्रामदेबी दशहरा मैदान पहुंची । इस दौरान जगह-जगह लोगों ने बारात पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर भगवान राम और रावण की सेना के बीच सांकेतिक युद्ध हुआ। इसके बाद राम ने अग्निबाण मारकर रावण के पुतले का दहन कर दिया। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

**सुरक्षा व्यवस्था व यातायात को लेकर पुलिस प्रशासन रहा तैनात:** विजय दशमी पर्व पर नगर में चल समारोह में आकर्षण और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें राम, लक्ष्मण सहित रामलीला के सभी पात्र शामिल रहे। प्रमुख चौराहों में राम व रावण की सेना के बीच युद्ध का प्रदर्शन किया गया। यात्रा वापस दशहरा मैदान पहुंची जहां राम रावण के युद्ध के प्रदर्शन के बाद रावण का पुतला दहन किया गया। भगवान राम और रावण के युद्ध को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सडक़ों पर वाहनों को नियंत्रित करने पुलिस बल तैनात किया गया। नगर की सुरक्षा, व्यवस्था बनाने के लिए पूरे समय पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। पुलिस प्रशासन की तैनाती के चलते चल समारोह व दशहरा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मैदान में दशहरा पर्व पर रावण दहन का आयोजन किया गया। भगवान राम की झांकी निकाल भगवान श्रीराम ने अग्निबाण से रावण दहन किया। इस भव्य आयोजन को देखने नगर व ग्रामीण क्षेत्र का जन सैलाब उमड़ा। नवा पारायण समिति और नगर परिषद् के तत्वाधान में विजय दशमी पर दशहरा मैदान में रावण का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर नगर एसडीएम सुधीर कुशवाहा, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी, सीएमओ राम प्रसाद भावरे, वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुप्रसाद शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर, मण्डल अध्यक्ष आशीष शर्मा सहित बड़ी संख्या श्रद्धालुओं, मातृशक्तिया छोटे, बच्चों सहित बड़ी संख्या में नगरवासीयों उपस्थित रहे।

## विजय दशमी पर्व थाना भैरुंदा में शस्त्र पूजन: पुलिस अधिकारी जनप्रतिनिधि ने मंत्रोच्चार के साथ की शस्त्र पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



विजय दशमी पर्व पर गुरुवार दोपहर को नगर भैरुंदा थाना परिसर में शस्त्रों की पूजन की गई। पुलिस प्रशासन ने अपने सुरक्षा शस्त्रों के प्रति सम्मान के साथ विधिवत पूजन अर्चना कर की। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए उन्हें दिए गए शस्त्रों की मंत्रोच्चार के साथ पूजा की और शांति एवं सुरक्षा की कामना की। एसडीएम सुधीर कुशवाहा , एसडीओपी रोशन कुमार जैन नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर ओर जनपद अध्यक्ष मंजूअवध पटेल ने की उपस्थिति में शास्त्रों की पूजन अर्चना की मां कालिका देवी की आरती उतारी। इस अवसर पर उन्होंने सभी नगरवासियों ,क्षेत्रवासियों को विजय दशमी, दशहरा पर्व कि शुभकामनाएं दी। वहीं थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया दशहरे के दिन शस्त्र पूजन की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस अवसर थाना परिसर में शस्त्रों की पूजन अर्चना कर आरती की।नगरवासियों को दशहरा पर्व कि शुभकामनाएं भी दी। शस्त्र पूजन के इस अवसर पर एसडीएम सुधीर कुशवाहा, एसडीओपी रोशन कुमार जैन थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर जनपद अध्यक्ष मंजूअवध पटेल, उप निरीक्षण पूजा राजपूत सहित समस्त थाना स्टॉप जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत नागरिकों को दिलाई गई सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देने एवं नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीहोर जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। गांधी जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत 2 अक्टूबर को जिलेभर में अनेक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम, पौधरोपण कार्यक्रम, स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता सभा, स्वच्छता संवाद सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के तहत ग्राम पंचायत बांया, डोबी, वासुदेव एवं सिंहपुर में स्वच्छता मित्रों का सम्मान समोरोह आयोजित किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत जोशीपुर, सोंठिया, मुहई, मट्ठागांव, खंडाबढ़, पहाड़खेडी, सवालखेड़ा, सहित अनेक गांवों में नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने और स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की शपथ दिलाई गई। अभियान के तहत दुर्गा उत्सव समितियों के प्रतिनिधियों और सदस्यों की बैठक आयोजित कर मूर्ति विसर्जन के दौरान सावधानियां बरतने और सिंगल यूज प्लास्टिक आदि सामग्री को नदी में विसर्जित नही करने और उसके उचित निस्तारण के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही जिलेभर में अनेक स्थानों पर नागरिकों को एकत्रित कर उन्हें स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया।

## नशा मुक्ति केंद्र मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर। समाज में विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने एवं इसकी बुराईयों से उन्हें अवगत कराना हमारा दायित्व भी है और कर्त्तव्य भी। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर गुरुवार को श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने कहे। उन्होंने कहाकि मद्य निषेध सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है। मद्य निषेध की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा वर्ष भर इस दिशा में प्रयास किया जाते हैं। हमारे केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के द्वारा मुक्ति केन्द्र के अलावा यहां पर जरूरतमंदों के लिए संकल्प वृद्धाश्रम है, इसमें बड़ी संख्या में वृद्धजनों संपूर्ण सुविधाओं के साथ जीवन बसर कर रहे है। उन्होंने कहाकि नशा मुक्ति केंद्र मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन समाज में नशीली दवाओं और शराब के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया जाता है। इस सप्ताह में कई गतिविधियां शामिल होती हैं, जैसे प्रभात फेरी, रैली, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर/चित्र प्रदर्शनी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशा पीड़ितों को उपचार और परामर्श के लिए प्रोत्साहित करना और समाज को नशामुक्त बनाना है। इसके लिए आगामी दिनों में शहर के सभी स्कूल और महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान किया जाएगा। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और उसके निवारण पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशापान के बुरे प्रभाव के प्रति जागरूक होना चाहिए। युवाओं को नशे से दूरी बनाए रखने की आवश्यकता है क्योंकि नशे की प्रवृत्ति स्वास्थ्य, आर्थिक सामाजिक, पारिवारिक स्थिति पर बुरा प्रभाव डालती है। समाज में विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने एवं इसकी बुराइयों से उन्हें अवगत कराना हमारा दायित्व और कर्तव्य है।

## नगर परिषद ग्रंथि द्वारा सभी झांकियों का पुष्पवर्षा का स्वागत किया गया

# ढोल-नगाड़ों और डीजे की गूंज के बीच निकला माता रानी प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस





हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी नगर में शारदीय नवरात्रि उत्सव के समापन अवसर पर माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय माहौल में निकाला गया।

नगर की सभी झांकियां बस स्टैंड मार्ग से किस युग आज मंडी पहुंची जहां से एक साथ सभी झांकियां पुराने बस स्टैंड के लिए रवाना हुई जहां पर नगर परिषद ग्रंथि द्वारा सभी झांकियां का पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। इसके बाद झांकियां नयागांव जोड़ पहुंची जहां पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा इन झांकियां का भव्य स्वागत किया गया।

इसके बाद सभी झांकियां विसर्जन स्थल की ओर रवाना हुईं। ढोल-नगाड़ों, बैंड और डीजे की धुन पर महिलाएं और युवतियां झूम-झूमकर माता रानी को भावभीनी विदाई देती रहीं। भक्तिमय गीतों और जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। जैसे-जैसे झांकियां विसर्जन स्थल की ओर बढ़ीं, नगर की गलियां सुनसान होती चली गईं। प्रतिमाओं का विसर्जन अलग-अलग स्थानों पर किया गया—कुछ प्रतिमाएं इटावा नदी में, कुछ इटारसी डेम पर और कई प्रतिमाएं नर्मदा नदी के अबलीघाट घाट पर विसर्जित की गईं।

भक्ति, उल्लास और उमंग से भरे इस विसर्जन जुलूस ने नगर में भक्तिमय माहौल बना दिया और माता रानी को विदाई देते हुए श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः आगमन की मंगलकामनाएं कीं।

## कांग्रेसियों ने कार्यक्रम आयोजित कर गांधी के विचारों को अपनाने का लिया संकल्प

### महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई



**इछावर।** गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके सिद्धांतों और विचारों पर अमल करने की बात कही गई। कार्यक्रम में ब्लांक अध्यक्ष बलवान पटेल ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा है।

विश्व को प्रेम, अहिंसा, मानवता, शांति और सद्भावना का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों और सिद्धांतों को अपनाकर ही हम अपने देश को विकासशील और विश्व गुरु बना सकते है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राधेश्याम सेमलिया पार्षद, जुनैद खान, धीरज पटेल, अखिलेश बामनिया, महेश राठौर, राजेंद्र ठाकुर, अखिलेश वर्मा, सुरेश वर्मा, नरेंद्र मकरैया, शहर अध्यक्ष सादिक मेव बृजेंद्र तिवारी सुनील चांडक आदि मौजूद थे।

### नियमों की पेचीदगी में उलझा था मामला, कोर्ट के आदेश पर जारी हुए नियुक्ति पत्र


# 54, 58, 60 जैसी उम्र में पहुंचने पर 10 पात्रजन अंततः बने संविदा शिक्षक

## एक शिक्षक तो डेढ़ साल बाद ही हो जाएंगे सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कभी-कभी शासकीय नियमों की विभिन्न पेंचीगियों के चलते परीक्षा एवं निर्धारित अर्हता पूर्ण करने के उपरान्त भी पात्र व्यक्तियों को नौकरी नहीं मिल पाती है। परन्तु, न्यायालय एक ऐसा स्थल है जहां से अंततः निर्धारित पात्रताधारी सभी व्यक्तियों को न्याय मिल ही जाता है।

एक ऐसे ही मामले में राजगढ़ शिक्षा विभाग द्वारा करीब 30 वर्षों पूर्व अनुदेशक, पर्यवेक्षकों के अस्थाई पद रखे गए 10 व्यक्तियों को कोर्ट केस जीतने के बाद विभाग द्वारा कल 01 अक्टूबर को संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 के पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। सरकारी नौकरी पाने वाले इन 10 व्यक्तियों में कुछ की उम्र 52 तो किसी की 54 यहां तक की एक व्यक्ति की उम्र तो 60 वर्ष से भी अधिक हो चुकी है यानि वे सिर्फ डेढ़ साल की नौकरी करने के बाद रिटायर्ड हो जाएंगे। दूसरे शब्दों में कहें तो बुढ़ापे की दहलीज या बुढ़ापे में पहुंचे चुके व्यक्तियों को अब जाकर शिक्षक पद की सरकारी नौकरी मिल पाई है।



### कोर्ट में लगाई याचिका से मिला न्याय

विभागीय नियमों की पेंचदगियों के कारण नौकरी न मिल पर इन सभी व्यक्तियों ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने भर्ती सेवा शर्त 2005 एवं संशोधित नियम 2008 के तहत याचिकाकर्ताओं के पक्ष में निर्णय जारी करते हुए उन्हें नियुक्ति प्रदान करने का आदेश शिक्षा विभाग को जारी किया। उक्त आदेश उपरान्त अब इन 10 व्यक्तियों को संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 के पद हेतु अलग-अलग पदस्थापना स्थल पर ज्वानिंग हेतु नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं।

### इन 10 व्यक्तियों को जारी हुए नियुक्ति पत्र

विभाग द्वारा जिन दस व्यक्तियों/औप. अनुदेशक, पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं उनमें नानूराम नागर निवासी रतनपुरिया खिलचीपुर, जगदीश प्रसाद सोनी निवासी खिलचीपुर, रामचरण चैहान निवासी बावड़ीखेड़ा, जसवंत चैहान निवासी लिंबोदा खिलचीपुर, बालूसिंह सेन निवासी ब्यावराकला खिलचीपुर, कुमेरसिंह निवासी नगपुरिया खिलचीपुर, बनेसिंह तोमर निवासी ग्राम खैरासी राजगढ़, आनंद कर्पे निवासी इंदिरा कॉलोनी राजगढ़, कन्हैयालाल दांगी पिता बापूलाल निवासी पीपल्याकलां खिलचीपुर एवं गोविंद वर्मा निवासी पंचशील कॉलोनी ब्यावरा शामिल हैं।

### क्या है पूरा मामला?

साल 1995 एवं उसके पहले के वर्षों में शिक्षा विभाग ने जिले के अनेकों स्थानों पर औप. अनुदेशक, पर्यवेक्षकों के पद पर कुछ अंशकालीन नियुक्तियां की थी। चूंकि, नियुक्तियां अंशकालीन थी ऐसे में बाद में योजना बंद होने पर सभी को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वर्ष 2008 में जब व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 की परीक्षा आयोजित की गई उसमें हटाए गए इन अनुदेशकों, पर्यवेक्षकों ने भी भाग लेते हुए परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। मप्र संविदा शाला शिक्षक श्रेणी-3 की भर्ती सेवा शर्त 2005 के तहत नियम कुछ ऐसा बनाया गया कि सिर्फ वर्ष 2000 में कार्यरत अनुदेशकों, पर्यवेक्षकों को ही परीक्षा उत्तीर्ण करने पर नौकरी के लिए पात्र माना गया। जबकि, अनेकों ऐसे अनुदेशक, पर्यवेक्षक थे जिन्होंने साल 2000 से पूर्व के कईं सालों तक विभाग में अंशकालीन पद सेवाएं दी थीं, परन्तु उन्हें नौकरी पर नहीं रखा गया।

### बुरी तरह झुलसी गाय का गोसेवकों ने करवाया इलाज

# निरीह गोवंश पर अज्ञात व्यक्ति ने डाल दिया खोलता हुआ तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ नगर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाय माता पर गर्म-गर्म खोलता हुआ तेल डाले जाने की घटना सामने आई है। स्थानीय नाका नंबर-3 पर बुरी तरह झुलसी इस गाय पर जब गौसेवकों की नजर पड़ी तो उन्होंने सबसे पहले उसका ईलाज करवाते हुए पशु चिकित्सालय पहुंचाया एवं बाद में बमबम आश्रम के समीप स्थित गौशाला में रखने की व्यवस्था करवाई। निरीह गाय माता पर गर्म तेल डाले जाने की इस घटना की सर्वत्र निंदा की जा रही है। आमजनों सहित नगर गौसेवा समिति के सदस्यों ने कोतवाली पुलिस से भी संपर्क करते हुए आसपास के सीसीटीवी खंगालते हुए दोषी व्यक्ति की पहचान कर संबंधित पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है ताकि आगे से कोई इस तरह का कृत्य करने के पूर्व 10 बार सोचे। उल्लेखनीय है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब गाय माता के साथ किसी ने ऐसी अमानवीयता की हो। पूर्व में भी नगर में गाय माता पर गर्म पानी, तेल आदि डाले जाने के मामले सामने आ चुके हैं।

## रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बने डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी, डॉ लखन धाकड़ को स्वास्थ्य समिति का प्रभार सौंपा

**गुना।** रेडक्रास सोसाइटी गुना की प्रबंध समिति के चुनाव बुधवार को संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी एवं 10 सदस्यों की इस चुनाव में जीत हुई। इस जीत के बाद समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से रेडक्रास सोसाइटी के प्रबंध समिति के सचिव का दायित्व डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर नवीन सचिव का दायित्व लेने के पश्चात डॉ रघुवंशी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में जरूरत मंदों को रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। एवं सेवा भारती जैसे सेवा भावी संगठनों के सहयोग से जिला चिकित्सालय गुना में रोगी सहायता केंद्र की स्थापना की जाएगी। रेडक्रास चुनाव में जीते पैनल के नाम मिला नया दायित्व*डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी सचिव,नर्मदा शंकर भार्गव प्रदेश प्रतिनिधि, डॉ एल के शर्मा सभापति, डॉ भूपेंद्र धाकरे उप सभापति, प्रदीप जैन कोषाध्यक्ष, चंद्रेश जैन आई आर मेंबर, संजय राठी आपदा प्रबंधन प्रभारी, संगीता भाटी रोगी सहयोगी समिति, डॉ लखन धाकड़ को स्वास्थ समिति प्रभारी एवं आशीष मंगल को वित्त समिति का दायित्व प्रदान किया गया।

## बुजुर्ग महिला सरदार बाई की अज्ञात व्यक्ति ने की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के लोधा मोहल्ले में मंगलवार रात्रि को अज्ञात कारणों के चलते एक बीमार और बोलने चलने फिरने असमर्थ बुजुर्ग महिला सरदार बाई की अज्ञात व्यक्ति द्वारा जघन्य हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी अनुसार लोधा मोहल्ला निवासी भंवरलाल लोधा की धर्म पत्नी सरदार बाई जो कि लंबे समय से बीमार होकर एक स्थान पर पड़ी रहती थी जिनकी मंगलवार रात्रि को करीब 9.30 से 11.30 के दरमियान अज्ञात हत्यारे ने फावड़े सिर पर मार मार कर बेरहमी से हत्या कर दी ।उक्त घटनाएं की जानकारी पुलिस को मिलने पर रात्रि में एसडीओपी, एडिशनल एसपी, टी आई पूजा परिहार सहित पुलिस बल घटना स्थल पहुंच गये साथ ही एफएसएल टीम डॉग स्क्वॉड देर रात्रि तक पहुंच गई थी मिली जानकारी के अनुसार मृतका की बेटी जमना बाई रात्रि करीब 9.30 बजे घर से अपनी मां को घर अकेली छोड़कर समीप ही चल रहे नवरात्रा उत्सव में गई हुई थी इस बीच मृतका के पति भंवरलाल 9.45 बजे बस स्टेंड से घर आए। उन्होंने घर के फाटक खट खटाए लेकिन जब अंदर से फाटक नहीं खुले तो वह बाहर बैठ इंतजार करते रहे, करीब 11.30 बजे बेटी नवरात्रा उत्सव से घर आई दोनों यानी बाप बेटी ने पुनः घर के फाटक खट खटाने और खोलने का प्रयास किया जब नहीं खुले तो एक लड़के को ऊपर से चढ़ाकर अंदर से कुंडी खुलवाई जैसे अंदर जाकर देखा तो दंग रह गये खून से लथपथ सरदार बाई को देखा साथ ही दीवार पर खून के छीटें लगे बगल में खून लगा फावड़ा वही जमीन पर भी खून के निशान मिले आश्चर्य की बात घर में अगर कोई चोरी के उद्देश्य से आता तो कुछ तो गायब होता लेकिन ऐसा कुछ नहीं जिस बुजुर्ग महिला को इतनी बेहरमी से मारा उसमें बीमारी के चलते बोलने चलने फिरने सहित विरोध करने की क्षमता भी नहीं उक्त हत्या अनेक शंका कुशंका को जन्म देती है।


### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी पड़ रहे कंडम सिस्टम पर भारी, जिम्मेदारों की अनदेखी या फिर मनमानी

# 100 दिन बाद भी कलेक्टर के ऑर्डर पर सीएमएचओ ने नहीं किया रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सरकारी विभाग कोई भी हो परंतु हालात बेहद शर्मनाक और अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाने वाले। चंद कर्मचारियों की राजनीतिक पकड़ और अकड़ पूरे विभाग के सहज और नियमों का पालन करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों पर भारी कैसे पड जाती है,सिस्टम में धस चुके इस रावण का वध कब होगा यह आज की चुनौती है। ऐसे तो स्वास्थ्य विभाग के कई मामले आए दिन सामने आए फिर जाहे वह बाबूओं की मनमानी के मामले हो या फिर सीएमएचओ की अनदेखी से विभाग में काम की जगह सिर्फ राजनीति नजर आती है।

ऐसे मामलों भी सामने आए जब कलेक्टर को विश्वास में लेकर ऐसे आदेश पर हस्ताक्षर करवा लिए जहां पर कर्मचारियों की पोस्ट तक स्वीकृत नहीं थी बाद में कर्मचारियों ने हाईकोर्ट की शरण ली और अपना हक पाया परंतु विभाग ने गलत सूचना देकर पर कलेक्टर के हस्ताक्षर करवाने वाले मामले में संबंधित कर्मचारी पर कार्यवाही क्यों विभागीय कार्रवाई नहीं की। ऐसा ही दूसरा मामला भी सामने आया है कि जिसमें एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का कलेक्टर के आदेश पर 17 जून 25 को करेणी स्थानातरित किया गया था परंतु वह आज तक रिलीव नहीं हो पाया।



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ (ब्यावरा) मध्यप्रदेश

क्रमांक/स्थापना/2025/7067 राजगढ, दिनांक 17-6-25

आदेश

राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025 मे जारी स्थानांतरण निति के अनुक्रम में जिला स्तरीय संवर्ग के स्थानांतरण समिति द्वारा दिये गये अनुमोदन के तहत राजगढ जिले की स्वास्थ्य संस्थाओ में कार्यरत निम्नलिखित कर्मचारियो के स्थानांतरण उनके नाम के सम्मुख अंकित स्वास्थ्य संस्था पर तत्काल प्रभाव से किया जाता है–

| क्र. | कर्मचारी का नाम | पदनाम | वर्तमान पदस्थापना स्थल | स्थानांतरित पदस्थापना स्थल | स्थानांतरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमति सुशीला [illegible] | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के.पिपलोदी | उप.स्वा.केन्द्र हिरनखेडी (खुजनेर) | प्रशासनिक |
| 2 | श्रीमति तमन्ना कुरेशी | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के. [illegible] | उप.स्वा.केन्द्र पटाडिया धाकड (सारंगपुर) | प्रशासनिक |
| 3 | श्रीमति प्रियंका उपाध्याय | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के.कुलीखेडा | उप.स्वा.केन्द्र भंवास (ब्यावरा) | प्रशासनिक |
| 4 | सुश्री प्रीति गोड | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के.[illegible] | उप.स्वा.केन्द्र खानपुरा न्यू (राजगढ) | प्रशासनिक |
| 5 | सुश्री सरोज [illegible] | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के.जेतपुरा खुर्द | उप.स्वा.केन्द्र मउ (ब्यावरा) | प्रशासनिक |
| 6 | सुश्री सन्नो बानो | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के.[illegible] | उप.स्वा.केन्द्र [illegible] (नरसिंहगढ) | प्रशासनिक |
| 7 | श्रीमति अफसाना मंसूरी | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के. भोजपुर | उप स्वा.के.[illegible] (ब्यावरा) | प्रशासनिक |
| 8 | सुश्री ज्योति कुरेशी | म.स्वा.कार्य. | उप स्वास्थ्य केन्द्र परोलिया | उप स्वा. केंद्र भुमका (सारंगपुर) | प्रशासनिक |
| 9 | श्रीमति रेखा [illegible] | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के.[illegible] | उप स्वा.के.[illegible] (राजगढ) | प्रशासनिक |
| 10 | श्रीमति प्रमिला राठौर | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के.[illegible] | उप स्वा.के.[illegible] (खिलचीपुर) | प्रशासनिक |
| 11 | श्रीमति रेखा द्विवेदी | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के.[illegible] | उप स्वा.के.खरना (राजगढ) | प्रशासनिक |
| 12 | श्रीमति पदमा महावर | म.स्वा.कार्य. | प्रा.स्वा.के.मलावर | उप.स्वा.केन्द्र कचनारिया (ब्यावरा) | प्रशासनिक |
| 13 | श्रीमति निर्मला मोरे | म.स्वा.कार्य. | प्रा.स्वा.के.[illegible] | उप स्वा.केन्द्र [illegible] (खिलचीपुर) | प्रशासनिक |
| 14 | श्रीमति जानकी राठौर | म.स्वा.कार्य. | उप स्वा.के.[illegible] | उप.स्वा.केन्द्र कुलीखेडा (खिलचीपुर) | प्रशासनिक |
| 15 | श्री दिनेश पारिक | सहायक [illegible] | जिला कार्यालय | सि.अ. सारंगपुर | प्रशासनिक |

Scanned with CamSc

//02//

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्री दीपक विजयवर्गीय | सहायक ग्रेड-2 | सि.अ. सारंगपुर | सि.अ. सारंगपुर किया गया स्थानांतरण निरस्त करते हुए जिला कार्यालय राजगढ | |
| श्रीमति रेखा नापित | सहा.ग्रेड-3 | जिला कार्यालय | प्रा.स्वा.के.माचलपुर (जीरापुर) | प्रशासनिक |
| श्री रईस खान | वाहनचालक | जिला कार्यालय | सिविल अस्पताल सारंगपुर | प्रशासनिक |
| श्री संदीप झावा | वार्डबाय | जिला अस्पताल राजगढ | प्रा.स्वा.केन्द्र करेडी (राजगढ) | प्रशासनिक |
| श्रीमति सीमा पाटीदार | फार्मासिस्ट | प्रा.स्वा.के.तलेन | प्रा.स्वा.केन्द्र इकलेरा (नरसिंहगढ) | प्रशासनिक |

1. उपरोक्त कर्मचारियो को स्थानांतरित स्थल हेतु 07 दिवस के अंदर कार्यमुक्त किया जावे। इसका उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था प्रमुख का होगा, इस हेतु कोई अवकाश मान्य नही होगा। विशेष परिस्थितियों में जिला मेडिकल बोर्ड का चिकित्सा प्रमाण पत्र मान्य होगा, एक सप्ताह पश्चात स्थानांतरित कर्मचारी का वेतन भुगतान मूल संस्था से नही किया जावेगा।
2. कार्यमुक्ति आदेश से सम्बन्धित कर्मचारी का यूनिक एम्प्लाई कोड (जिससे उसका वेतन आहरित होता है) अनिवार्य रूप से अंकित कियाजावे।
यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।
[illegible] प्रभारी मंत्री महोदय द्वारा अनुमोदित)

कलेक्टर
जिला राजगढ

क्रमांक/स्थापना/2025/7068 राजगढ,दिनांक 17-6-25

प्रतिलिपि
1. निज सहायक, माननीय मंत्री महोदय, लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग विभाग एवं प्रभारी जिला राजगढ की ओर सादर सूचनार्थ।
2. स्वास्थ्य आयुक्त संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र.भोपाल।

### कलेक्टर के आदेश पर चतुर्थ श्रेणी भी नहीं हो पाया रिलीव

जिले के मुखिया के आदेश के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की मुखिया सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल की अनदेशी उनकी कार्यशैली को दर्शाती है । चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संदीप झावा का स्थानांतरण जिला अस्पताल राजगढ से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करेडी 17 जून को किया गया था परंतु आज 100 दिनों के बाद भी आदेश का पालन नहीं किया गया और संदीप को रिलीव नही किया गया।

### सीएमएचओ ने बताया कि काम में लापरवाही पर काटा है वेतन

सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होने बताया की इस बारे में मुझे बताया ही नहीं गया। मैंने आज ही काम में लापरवाही के चलते करीब 7 कर्मचारियों का 1 दिन के वेतन काटने के आदेश दिए है और आशान्वित किया है कि दशहरे के बाद सभी स्थानारित के बाद जो कर्मचारी रिलीव नहीं हो पाए उनको पहले रिलीव किया जावेगा।

# पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से तलवारों का जखीरा जब्त किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध हथियारों की धरपकड़ हेतु कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए जा रहे हैं। इस तारतम्य में पुलिस अधीक्षक शाजापुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, अनुविभागी अधिकारी नीमेश देशमुख के मार्गदर्शन में अवैध हथियारों पर कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी कालापीपल मनोहर सिंह जगेत के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

थाना कालापीपल पुलिस को दिनांक 1 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रोसी में रोसी पासीसर जोड़ पर मोती सिंह के खेत के पास रोड पर एक कार क्रमांक एमपी 09 बीडी 1286 में दो व्यक्ति अवैध तलवार लेकर बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने रोसी जोड़ पर पहुंच कर देखा एक कार खड़ी दिखी, जिसमें दो व्यक्ति बैठे मिले, जिनको फोर्स व पंचान की मदद से पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर व्यक्तियों द्वारा अपना नाम आजाद खां पिता शकुर खां उम्र 40 साल निवासी इटावा उज्जैन रोड देवास व रतनलाल पिता लक्ष्मी चंद पटवा जाति लोहार उम्र 62 साल निवासी पुष्प कुंज कॉलोनी राम मंदिर के पास इटावा देवास होना बताया। उनके पास से कार से अवैध 25 तलवार एवं कार जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर खोखराकलां के पास शकील लाला नामक व्यक्ति को हथियार देना कबूल किया। कार्रवाई में उप निरीक्षक रवि भंडारी, उपनिरीक्षक तेज प्रकाश बोहरे, उप निरीक्षक सुनीता मेवाड़ा, अमित नागर, विवेक गोस्वामी, विशाल पटेल, महेश धपानी, वेद प्रकाश परमार, नयन यादव, नीलम परमार, सुमित पटेल, संजय जावरिया, सतीश कुमार, रवि कारपेंटर, मनोज यादव, शैलेंद्र कुमार, संदीप कुमार, अर्जुन, रोहित, पवन एवं आशीष की भूमिका रही।

## शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



**सारंगपुर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोईया, नोडल अधिकारी डॉ. अरुणा सोलंकी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. फारूक पठान ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. विमल लोदवाल, डॉ. मोहम्मद वसीम शेख, प्रो. संगीता गुप्ता, श्रीमती सोनम करोड़िया, डॉ. दीप्ति सिसोदिया, ज्योति बैरागी, धर्मेंद्र खैरवार, भगवान सिंह पाटीदार, पवन कुमार पाटीदार एवं खेल अधिकारी हरिशंकर शर्मा सहित महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के माध्यम से सभी ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लिया।

### अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोले वक्ता

## 'घर की छत होते हैं बुजुर्ग जो खुद भीगकर हमें रखते हैं सुरक्षित'



**राजगढ़।** अंतराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्था के तत्वावधान में 'गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलग-अलग वक्ताओं किसी भी घर में वृद्धजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इसमें पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, जिपं एडिशनल सीईओ अर्पित गुप्ता, समाजसेवी राजेंद्र जोशी, आर.सी. शर्मा सहित अन्य वरिष्ठजन एवं अतिथि उपस्थित थे।

वक्ताओं ने कहा कि वृद्धजन घर की छत के समान होते हैं जो स्वयं भीगते हुए अपने घर के दूसरे लोगों को सुरक्षित रखते हैं। पूर्व विधायक श्री शर्मा ने कहा कि हर एक वरिष्ठजन एक चलती-फिरती पाठशाला है जिनके अनुभव से हमें जीवन में बहुत कुछ सीखने को मिलता है। एसीईओ गुप्ता ने कहा कि बुजुर्गों को वरिष्ठजन या अनुभवी कहा जाना चाहिए। आप तो समाज को बहुत कुछ देना चाहते हैं लेकिन आजकल के युवा अनुभव के सागर से कुछ लेना नहीं चाहते हैं।

### वृद्धजनों से किया आध्यात्म से जुड़ने का आव्हान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रजापिता संस्था प्रभारी मधु दीदी ने कहा कि सभ के तन में विराजमान आत्मा कभी वृद्ध नहीं होती, कभी बीमार नहीं होती। परमपिता परमात्मा भी वर्तमान धर्मग्लानि के समय प्रजापिता के अनुभवी वृद्ध तन में प्रवेश कर विश्व परिवर्तन करते हैं। उन्होंने सभी वरिष्ठजनों से आध्यात्म से जुड़ने का आव्हान किया ताकि उनके अनुभवों का लाभ समाज को मिल सके।

### अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आयोजन में कई वरिष्ठजनों ने लिया लाभ

# स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श व उपचार की उपलब्ध कराई निःशुल्क सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं उपचार की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र जांच, दंत चिकित्सा, परामर्श सेवाएं तथा आवश्यकतानुसार औषधि वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने वृद्धजनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा नियमित व्यायाम करने हेतु जागरूक किया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया।इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित अन्य सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर हैं और उनके स्वास्थ्य की देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जिले में वृद्धजनों के लिए समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं। ताकि उन्हें नजदीकी स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।



इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमोरी में सी बीएमओ डॉ. लक्ष्मी कुमार के नेतृत्व में वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया वहीं आरोन में सीबीएमओ डॉ के एन भीलवारे ने स्वयं वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसी प्रकार बीनागंज में डॉ. राजेश कुमार पुष्पक ने परीक्षण किया एवं बेहतर जीवन शैली के बारे में बताया। राधौगढ़ में सीबीएमओ डॉ. धर्मेंद्र श्रीवास्तव एवं म्याना में सीबीएमओ डॉ. शिल्पा टांटिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर डॉ व्ही एस रघुवंशी सिविल सर्जन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें डॉ रितेश कासल नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. आर एस राजपूत मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ आकांक्षा पांडे नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ जितेंद्र रघुवंशी, डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ चांदनी खान, डॉ अंकिता राजपूत, सत्येंद्र रघुवंशी जिला महामारी विशेषज्ञ एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### व्यक्ति की नहीं, गुणों की होती है पूजाः मुनिश्री

**आष्टा।** उदयपुर में चल रहे आचार्य पुलक सागर महाराज के चातुर्मास के दौरान 4 अक्टूबर को राष्ट्रीय पुलक जागृति मंच और महिला जागृति मंच का अधिवेशन होगा। अधिवेशन की पूर्व संध्या पर पुलक आइडियल प्रतियोगिता रखी गई है। इसमें आष्टा नगर के भजन गायक शरद जैन पोरवाल और सचिन जैन को चुना गया है। दोनों 3 अक्टूबर की शाम को भजन प्रस्तुति देंगे। समाजजनों ने दोनों को बधाई दी है। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ का स्वाध्याय कराते हुए कहा कि पूज्य गुणों का अनुवाद करना ही भक्ति है। जैन धर्म में व्यक्ति नहीं, गुणों की पूजा होती है। सम्यकदर्शन, सम्यकज्ञान और सम्यकचारित्र जिसमें हो, वही भव्य होता है। जब तक शरीर स्वस्थ है, तब तक तप, त्याग और संयम के साथ धर्म आराधना करनी चाहिए। रूढ़िवादी को मोक्ष नहीं मिलता। भव्य को सम्यकदर्शन की प्राप्ति होती है।

### 60 प्लस के बुजुर्गों का स्वास्थ्य जांचा

**आष्टा।** सिविल अस्पताल में बुधवार को वृद्धजन शिविर लगाया गया। यह शिविर स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार पखवाड़े और अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित हुआ। इसमें 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। फिजियोथैरेपी सेवाएं भी दी गईं। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित माथुर ने मरीजों को नियमित व्यायाम और संतुलित आहार के बारे में सलाह दी। शिविर में डॉक्टर मेहर अजहर, सहायक प्रबंधक जितेन्द्र कुमार वर्मा, बीईई मोहन श्रीवास्तव, फिजियोथेरेपिस्ट आनंद प्रजापति, चेतन पाठक, सुरेश सेन, सुनील कासन्या, फूल सिंह और सभी स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

ढोल-नगाड़ों और डीजे की गूंज के बीच निकला माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस

# विजयदशमी पर थाने में हुआ शस्त्र पूजनः पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने पार्वती नदी में प्रतिमाओं का किया विसर्जन






दशमी के दिन अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ माता के भक्तों ने नम आंखों से माता को किया विदा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/आष्टा

नगर में शारदीय नवरात्रि उत्सव के समापन अवसर पर माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय माहौल में निकाला गया। नगर की सभी प्रतिमाएं विसर्जन के लिए रवाना हुई । विसर्जन जुलसू का पुष्प वर्षा का जगह-जगह स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, बैंड और डीजे की धुन पर महिलाएं और युवतियां झूम-झूमकर माता रानी को भावभीनी विदाई दी। भक्तिमय गीतों और जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। जैसे-जैसे माता की प्रतिमाएं विसर्जन स्थल की ओर बढ़ीं, नगर की गलियां सुनसान होती चली गईं। प्रतिमाओं का विसर्जन अलग-अलग स्थानों पर किया गया। भक्ति, उल्लास और उमंग से भरे इस विसर्जन जुलूस ने नगर में भक्तिमय माहौल बना दिया और माता रानी को विदाई देते हुए श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः आगमन की मंगलकामनाएं की।

### ज्वारों को सिर पर लेकर निकली महिलाएं

नवरात्रि के दस दिन कठिन उपवास के बाद नवमी पर भक्तों ने माता का भव्य चल समारोह निकाला। मंदिर में होम धूप के बाद महिलाएं सिर पर गेहूं के उगे जवारे, घट और खप्पर रखकर कतार में चलीं। बैंडबाजों की धुन पर भजन-कीर्तन करते हुए श्रद्धा से आगे बढ़ीं। नदी और तालाब पर आरती के बाद जवारे का विसर्जन किया गया।

### किया शस्त्रों का पूजन

असत्य पर सत्य की विजय के पर्व विजयदशमी पर आज आष्टा थाना परिसर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया । प्रातः 11 बजे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर आष्टा थाना पहुचे। एसडीओपी आकाश अमलकर,टीआई गिरीश दुबे ने उनकी अगवानी कर स्वागत कर साफा पहना कर आष्टा थाना परिवार की ओर से सम्मान किया। आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम के तहत विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आष्टा थाने के समस्त शस्त्रों का विधि विधान के साथ पूजन किया । इस अवसर पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम में उपस्तिथ एसडीएम नितिन टाले, एसडीओपी आकाश अमलकर,टीआई गिरीश दुबे ने भी विधि विधान के साथ शस्त्र पूजन एवं आरती की । शस्त्र पूजन कार्यक्रम में उपस्तिथ भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री धारासिंह पटेल,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नगर महामंत्री मोहित सोनी,पूर्व पार्षद आनंद जैन,पत्रकार अक्षत पाठक,हरदेव मेवाडा,दशरथसिंह ठाकुर,जितेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिको एवं आष्टा थाने के समस्त स्टाफ द्वारा भी शस्त्र पूजन किया । इस अवसर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों को विजयदशमी की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी

### दशहरा पर्व सद्गुणों को उबारने और दुर्गुणों को मिटाने का त्यौहार हैः कैलाश परमार

आसुरी शक्तियों पर सद्भाव और सदवृत्ति की विजय का पर्व दशहरा नगर में धूमधाम से मना । पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने मित्रमंडल के साथ विजयादशमी के परपंरागत चल समारोह का शानदार स्वागत किया ।इस अवसर पर कैलाश परमार ने कहा कि सत्यमेव जयते यह एक सूत्रवाक्य है इसी प्रेरणा से हम सभी निरन्तर अच्छे कर्म करते रहें । आष्टा नगर में मिल जुल कर प्रेम और उल्लास के साथ दशहरा मनाया जाता है, हम सभी सनातनियों का यह फर्ज है कि इस परम्परा को उत्साह के साथ आगे बढ़ाते रहें। स्थानीय खारीकुण्डी चौराहे पर पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने लंका विजय के लिए निकले प्रभु श्रीराम लक्ष्मण और वीर हनुमान के रूपांकर की आरती उतारी और अंगवस्त्र भेंट कर श्रीराम लक्ष्मण एवम वीर हनुमान का अभिनन्दन किया । विजया दशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि तथा समिति के सभी सदस्यों का साफा एवम दुपट्टे से सम्मान किया । चल समारोह में विसर्जन के लिए निकली दुर्गा प्रतिमाओं की भी आरती एवम पूजा की गयी साथ ही सकल हिन्दू समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह एवं सभी समाज प्रमुखों का भी जोरदार स्वागत किया ।कैलाश परमार मित्रमंडल के प्रदीप प्रगति , शैलेश



राठौर , सुनील प्रगति , नरेंद्र पोरवाल , सुभाष सांवरिया , संजय जैन किला , शुभम शर्मा , अर्जुन सिंह अजय, राज परमार , संतोष मालवीय आदि ने पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार की अगुवाई में चल समारोह में शामिल अखाड़ों , डीजे संचालकों , नव दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारियों , बेंड वादकों एवम गणमान्य नागरिकों का भी भव्य स्वागत किया ।

# महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री को ब्लॉक और नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया यादकर नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ब्लॉक कांग्रेस और नगर कांग्रेस द्वारा जनपद परिसर आष्टा में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा स्थल पर देश के महान नेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई। इस अवसर पर आईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और दोनों महान व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि दी जाती है। महात्मा गांधी जी ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने अहिंसक प्रतिरोध के तरीकों से देश को आजादी दिलाने में मदद की। गांधी जी के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और देश के विकास के लिए उनकी सोच और प्रयासों को याद किया जाता है। लाल बहादुर शास्त्री जी भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे और अपने नेतृत्व और सादगी के लिए जाने जाते हैं। शास्त्री जी ने देश की स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व किया।

उनका नारा जय जवान जय किसान आज भी प्रसिद्ध है आज देश में जब गांधी के विचारों को सत्ता रुड पार्टी खत्म करने पर अतुर हे वहीं नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी के साथ देश के हजारों नौजवान कदम ताल करते हुए महात्मा गांधी जी के विचारों के साथ इस देश की एकता और संविधान की रक्षा के लिए प्रयास रत हे वही जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान एवं गुलाब बाई ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए महान व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि व्यक्त की और सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित उनके जीवन और आदर्शों के स्थायी प्रभाव पर जोर दिया। शास्त्री जी को भी उन्होंने आदरपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

उपरोक्त कार्यक्रम में आईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डु, ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, सुनिल कटारा, एच आर परमाल, देवबगश पटवारी, मान सिंह अमलामज्जू, कमल बडलियां, रमेश मेवाड़ा, प्रेम पटरिया, अशोक मंडलोई, कमल सेठ,हरि मेवाड़ा, बंशी बॉम्बे, डॉ इजाज खान, शंकर बोडाना, विजय पाटीदार, विजय सोलंकी, राजेश, देवराज मालवीय, देवेंद्र राजपूत, कृपाल तोमर, यशवत मालवीय, दिलीप मालवीय, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# आतिशबाजी के साथ हुआ 51 फिट रावण का दहन





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा गुरुवार को हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान मे प्रतिकात्मक रुप से मनाया गया। इस अवसर पर रंग बिरंगी आतिशबाजी के साथ इक्कावन फीट रावण का दहन किया गया। परंम्परानुसार दोपहर 12 बजे श्रीराम मंदिर मे संत रामदास बाबा समिति द्वारा श्रीरामदास बाबा की समाधि स्थल पर विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती ढोल ढमाको, ताशे, संगीतमय आर्केष्टा के साथ सम्पन्न हुई। वही रामदास बाबा की समाधि को बाहरी कलाकारो द्वारा फुलो की कुटिया का रुप देकर बनाया गया। जो आकर्षक का केन्द्र बना। इसके पश्चात हिन्दु उत्सव समिति के तत्वाधान मे श्रीराम मंदिर से राम बारात प्रतिकात्मक रुप से निकाली गई। जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई दशहरा मैदान पहुंची शोभायात्रा मे स्वर्ण रथ पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भगवान हनुमान जी भी सवार होकर राम बारात मे चल रहे थे।

### राम बारात का हुआ स्वागत

श्रीराम बारात का जगह-जगह फुलो की वर्षा कर स्वागत किया गया। रथ मे सवार भगवान की पूजा अर्चना कर आरती की गई। हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह ठाकुर, सचिव आकाश पांचाल, कोषाध्यक्ष रवि भावसार का नगर के प्रमुख सगंठनो ने साफा व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया वहीं रथ पर सवार भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी व हनुमान जी की पुजा अर्चना भी की गई।

### रामलीला मैदान पर हुआ युद्ध

रामलीला मैदान पर राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। लक्ष्मण- मेघनाथ, हनुमान-रावण, राम-रावण युद्ध का मंचन कलाकारो द्वारा किया गया इसके पश्चात नदी के किनारे 51 फीट लम्बे रावण का रंग बिरंगी आतिशबाजी के साथ दहन भगवान श्रीराम द्वारा किया गया।

सेवा पखवाड़े के अंतिम दिन भाजपा ने गांधी-शास्त्री जयंती मनाई, चित्र पर किया माल्यार्पण

# गांधी-शास्त्री के सपनों को सरकार कर रही साकारः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश मे मनाया जा रहा है सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज 2 अक्टूबर को सेवा पखवाडे के समापन दिवस पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा विधायक कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मना कर उन्हें याद किया एवं उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गांधी जी एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कहा कि हमारी मध्य प्रदेश की 'डबल इंजन सरकार' केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के एवं मप्र में डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में बापू और शास्त्री जी के सपनों को साकार कर रही है । विधायक ने कहा कि सत्य और अहिंसा की ताकत का एहसास भारत ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वाधीनता आंदोलन के दौरान पूरी




दुनिया को कराया । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि गांधीजी के मूल्यों और आदर्शों में स्वदेशी का विशेष स्थान रहा। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी देशवासियों से स्वदेशी वस्तुओं का दैनिक जीवन मे उपयोग करने का आव्हान किया है । विदेशी हुकूमत की जड़ों को उखाड़ फेंकने के लिए सत्य व अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करने के साथ स्वदेशी देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने का आधार बनी है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी आज देश और दुनिया के लिए एक बड़ा संदेश बन रहा है, साथ ही कहा कि स्वदेशी वस्त्र एवं स्वदेशी उत्पात आज देश वासियों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है । विधायक ने कहा कि महात्मा गांधी को स्वच्छता सर्वाधिक प्रिय थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के जरिए इस अभियान को नई ऊंचाई दी है। ये अभियान आज जन जन का एक मिशन बन गया है । इस मिशन के तहत देश में करोडो शौचालय बनाए गए हैं। इससे नारी गरिमा को सम्मान मिला है, बीमारियों से बचाव हुआ है। आज प्रधानमंत्री के आव्हान पर स्वछता गांव गांव,शहर शहर,घर घर का हिस्सा बन गया है। इस अवसर पर विधायक ने कहा की आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की भी जयंती है। शास्त्री जी स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी सेनानी, गांधीजी के प्रखर अनुयायी और स्वदेशी से स्वावलंबन के पक्षधर थे। शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देकर कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का रास्ता दिखाया। कार्यक्रम को जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया ने एवं आभार नगर महामंत्री धनरुपमल जैन ने व्यक्त किया। आयोजित कार्यक्रम में बूथ क्र 165 के हरेन्द्र ठाकुर,मोहित सोनी,आनन्द जैन,भूपेंद्र राणा, नीलेश शर्मा, अनन्त साहू,मनोज शर्मा, राजेश पचलासिया, राजपाल चौहान,अनिल महेश्वरी, दिनेश गुप्ता, डीपी तोमर आदि उपस्थित थे।

# कजलास मंडल में संघ शताब्दी वर्ष पर निकला संघ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जावर खण्ड के कजलास मण्डल मे संघ शताब्दी वर्ष संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए पथ संचलन निकला।

संघ के यह 100 वर्ष प्रत्येक स्वयंसेवक के त्याग परिश्रम सनुशासन से युक्त है प्रत्येक स्वयंसेवक के कार्य कुशलता के आधार पर संघ आज अपने 100 वर्ष पूर्ण कर पाया है मुख्य वक्ता सीहोर जिला प्रचारक ने संघ की 100 वर्षो की यात्रा कीस प्रकार पूर्ण हुई है संघ का कार्य किस प्रकार समाज परिवर्तन की दिशा मे कार्य कर रहा है भारत से प्रेरणा आज पूरा विश्व पा रहा है पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक कर्तव्य, आज समाज के हर क्षेत्र संघ के कई प्रकार के विविध संगठन समाज परिवर्तन के कार्य मे लगे है जैसे विषयो पर स्वयंसेवकों के बिच मे रखा।